सार-समाचार

पाइप लाइन टूटी, जलापूर्ति बाधित

करौली, (निसं)। साईनाथ खिडकियां बाहर रात्रि के समय सड़क निर्माण के दौरान पेयजल सप्लाई लाइन टूट जाने से शहर की जलापूर्ति बाधित हो गई। करौली जिला मुख्यालय स्थित साईनाथ खिडकियां बाहर रात्रि को सड़क निर्माण का कार्य चल रहा था बताया जा रहा है कि जेसीबी मशीन से कार्य करते समय राजकीय महाविद्यालय के पीछे बने उच्च जला'ाय से शहर में पेयजल सप्लाई के लिए बिछी पाइप लाइन क्षितठास्त हो गई इस मामले में अधिकारियों को कोई जानकारी नहीं होने पर उन्होंने जैसे ही पेयजल सप्लाई शुरू की वैसे ही क्षितठास्त पाइपलाइन से पानी के फव्वारे निकलने लगे और लाखों लीटर पेयजल व्यर्थ में बह गया लोगों की सूचना के बाद पेयजल सप्लाई बंद की गई इस दौरान करौली शहर के अधिकांश गली, मोहल्ला में पानी की सप्लाई नहीं होने के कारण लोगों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ा। क्षतिग्रस्त पाईपलाईन कि जानकारी मिलने के बाद जलदाय विभाग के अधिकारियों ने पाईपलाईन कि मरम्मत के लिए टीम मौके पर भेजी जिन्होने दोपहर लाईन कि मरम्मत कर पेयजल सप्लाई शुरू की।

हर घर परिंडा अभियान की शुरुआत

करौली, (निसं)। जिला मुख्यालय पर सर्व समाज युवा परिषद के सयोंजक जीतू शुक्ला के नेतृत्व में युवा परिषद कि टीम ने हर घर परिंदा अभियान की शुरुआत की। युवा परिषद के संयोजक जीतू शुक्ला ने बताया कि भयंकर गर्मी में प्यास से व्याकुल पंक्षियों के लिए परिंडे मे पानी रखने का अभियान हर वर्ष की भांति शुरू किया है जिसमे हम अलग तरह से अभियान कों पूर्ण करेंगे हम जगह जगह जाकर ये परिंडो बच्चों कों और आमजन कों देंगे जिससे इनमे नियमित पानी भरा जा सके अक्सर समाजिक लोगो के द्वारा परिंडे तो लगाए जाते है परन्तु उनमे पानी नियमित नहीं भरा जाता जिससे अभियान सफल नहीं होता इसलिए हमारी टीम ने इस मुहीम में बदलाव करते हुए निर्णय किया है की स्कूलो में पढ़ने वाले बच्चों का प्रकृति से लगाव होता है इसलिए ये परिंडे हम उनको हाथों में सोपेंगे और बच्चे इनको अपने घर की छतों पर रखेंगे और नियमित पानी भरेंगे इसलिए इन परिंडो कों हम घर घर पहुंचाने का काम करेंगे जिससे ना केवल अभियान सफल भी हो बल्कि कार्य भी सार्थक होगा इसी के तहत सोमवार को एक निजी विद्यालय के बालक बालिकाओं कों परिंडे सौंप कार्यक्रम कि औपचारिक शुरुआत कि गई है युवा परिषद की तरफ से 1100 परिंडे घरो तक पहुंचाने का कार्य किया जायेगा इस दौरान बच्चों कों नियमित जल भरने के लिए प्रेरित किया गया इस दौरान शिम्भु दयाल सैन, वेदप्रकाश, नरेन्द चैधरी, ओमप्रकाश मीना सहित अन्य उपस्थित रहे।

कन्यादान महादान कार्यक्रम आयोजित

भरतपुर, (निसं)। जेसीआई भरतपुर द्वारा जेसी अविनाश गोयल की अध्यक्षता में रणजीत नगर बजरिया में कन्यादान महादान कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसके तहत एक गाड़िया लुहार समाज की एक जरुरतमंद कन्या को कन्यादान हेतु गृहस्थी का सामान और उपहार दिए गए। कार्यक्रम संयोजक नेहा गौरव गोयल ने बताया कि संस्था के सभी सदस्य इस नेक कार्य में आगे आए और कन्या को कपड़ें, साड़ियाँ,बिछुए, पायल, कमरबंद, ब्लैंकेट, बेडशीट, पर्स, बैग, बर्तन, डिनरसेट, क्रॉकरी, गहने, अलमारी, कूलर, टेबल कुर्सी, गिफ्ट्स, किचन आईटम, घर की साज सज्जा एंड मेकअप आईटम आदि वस्तुएँ दी गई। इस अवसर पर संस्था सचिव हिमांशु बंसल जेसी हिमानी राज गोयल भारत लिपिका भूषण मोहन विमलेश बंसल गरिमा गर्ग सचिन मित्तल नेहा गौरव गोयल मोनिका खंडेलवाल संजीव नेहा मौजूद रहे। इस मौके पर सभी सहयोगी दान दाताओं को बधाई देते हुए कन्या के खुशहाल विवाहित जीवन की कामना की।

एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

गंगापुर सिटी, (निसं)। उपखण्ड क्षेत्र में आवारा सांडों की समस्या गंभीर होती जा रही है। वार्ड 5० में सोमवार सुबह 7 बजे सांडों के झगडे के दौरान लोगों पर हमला हो गया। इस घटना में दो लोग घायल हो गए। स्थानीय निवासी सलमान, सुलेमान, रफीक और आरिफ ने बताया कि कॉलोनी में आवारा सांडों का जमावडा लगा रहता है। सांडों के आपसी झगडे में आम नागरिक भी चपेट में आ जाते हैं। पिछले कुछ दिनों से यह समस्या और बढ गई है। इस समस्या को लेकर सोमवार को वार्ड के लोगों ने उपखंड अधिकारी बृजेंद्र मीणा को ज्ञापन सौंपा। स्थानीय निवासियों ने चेतावनी दी है कि अगर समय रहते इन आवारा सांडों को नहीं पकडा गया तो बडी दुर्घटना हो सकती है। सलमान, रफीक, समान, आशी और शाहीन बानो सहित कई लोगों ने प्रशासन से आवारा सांडों को पकडकर गौशाला भिजवाने की मांग की है। प्रशासन से तत्काल कार्रवाई की अपेक्षा की जा रही है।

विद्यालय समय में परिवर्तन करने की मांग

करौली, (निसं)। राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय के जिला अध्यक्ष अशोक कुमार मीना ने मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी गोपाल प्रसाद मीना एवं जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक इंद्रेश तिवारी को ज्ञापन सौंप कर कक्षा एक से कक्षा आठ तक के विद्यार्थियों के विद्यालय समय में परिवर्तन करने कि मांग कि है। शिक्षक संघ के जिला प्रवक्ता राजेन्द्र दीवान ने बताया कि जिला अध्यक्ष ने ज्ञापन के माध्यम से अवगत कराया है कि वर्तमान में तेज धूप और लू के चलते अभिभावक बच्चों को स्कूल नहीं भेज पा रहे हैं क्योंकि डांग क्षेत्र होने के कारण अधिकाश बच्चे आसपास की ढाणियों से पैदल चल कर विद्यालय आते हैं। कई जिलों में भी समय परिवर्तन किया जा चुका है और वार्षिक परीक्षा भी सन्निकट हैं।

धमकी देकर ठगी करने वाले आठ आरोपी गिरफ्तार

जुरहरा/भरतपुर, (निसं)। स्थानीय जुरहरा थाना पुलिस ने सोशल मीडिया पर फर्जी आई.डी. बनाकर सस्ते दामों में साडी बेचने का विज्ञापन डालकर अनजान लोगों से सम्पर्क कर उनके साथ सायबर ठगी करने, सायबर ठगों को फर्जी सिम उपलब्ध कराने, लोगों के फर्जी रिश्तेदार व जानकार बनकर उनके खाते में रूपये डालने का फर्जी टैक्स्ट मैसेज डालकर उनसे अपने खाते में रूपये डलवाकर सायबर ठगी करने, सोशल मीडिया पर लडकी की फर्जी आई.डी. बनाकर अनजान लोगों से सम्पर्क कर उनको विडियो कॉल कर नग्न विडियो बनाकर वायरल करने की धमकी देकर ठगी करने वाले 8 आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से

- **11 एण्ड्रोईड मोबाईल फोन, 20 फर्जी सिम कार्ड, 4 फर्जी ए.टी.एम. कार्ड, ट्रैक्टर मय थ्रेसर व बाइक जब्त**

11 एण्ड्रोईड मोबाईल फोन, 20 फर्जी सिम कार्ड, 4 फर्जी ए.टी.एम. कार्ड व सायबर ठगी के पैसो से खरीदे गए एक ट्रैक्टर मय थ्रेसर व एक बाइक को जब्त किया गया है। जुरहरा थानाधिकारी अमित चौधरी ने बताया कि रविवार को जिला सायबर टीम की सहायता से रेंज स्पेशल टीम व जिला स्पेशल टीम एवं थाना जुरहरा पुलिस द्वारा संयुक्त कार्यवाही करते हुए ग्राम जुरहरी के जंगल से खेतों में बैठकर सायबर ठगी कर रहे आठ मुल्जिमों को पकडकर उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। है।

थानाधिकारी ने बताया कि 20 अप्रेल 2025 को थाना जुरहरा पुलिस टीम, रेंज स्पेशल टीम व जिला स्पेशल टीम द्वारा सायबर पोर्टल 1930 पर प्राप्त शिकायत में दर्ज मोबाईल नम्बर की लोकेशन के आधार पर संयुक्त कार्यवाही करते हुए ग्राम जुरहरी के जंगल से खेतों में बैठकर सायबर ठगी कर रहे आरोपी सोहिल पुत्र अय्यूब जाति मेव निवासी ग्राम गांवडी थाना जुरहरा, तसलीम मेव निवासी ग्राम लाडलाका थाना जुरहरा, जाहिद पुत्र समसू जाति मेव निवासी ग्राम लाडलाका थाना जुरहरा, नासिर पुत्र अय्यूब जाति मेव निवासी ग्राम गांवडी थाना जुरहरा, खलील उर्फ खल्ली मेव निवासी ग्राम गांवडी थाना जुरहरा, हस्सन मेव निवासी ग्राम गांवडी थाना जुरहरा, खालिद पुत्र हनीफ जाति मेव निवासी ग्राम रसूलपुर थाना जुरहरा व आमिर मेव निवासी ग्राम गांवडी थाना जुरहरा को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 9 एण्ड्रोईड मोबाइल फोन, 16 फर्जी सिम कार्ड, 4 फर्जी ए.टी.एम. कार्ड, एक ट्रैक्टर मय थ्रेसर व एक स्पलेण्डर मोटरसाईकिल को जब्त कर मुल्जिमान के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया

जुरहरा थाना पुलिस ने ठगी करने वाले आठ आरोपियों को गिरफ्तार किया।

सहायक निदेशक का किया सम्मान

करौली, (निसं)। जिला कलेक्टर नीलाभ सक्सेना एवं पुलिस अधीक्षक बृजेश ज्योति उपाध्याय के द्वारा सिविल सेवा दिवस पर जिला स्तर पर सूचना एवं जनसंपर्क कार्यालय के सहायक निदेशक धर्मेंद्र कुमार मीणा को राजकीय कार्य एवं इसके साथ दी गई जिम्मेदारियां तथा मीडिया के क्षेत्र में केंद्र व राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं का इलेक्ट्रॉनिक एवं प्रिंट मीडिया के माध्यम से प्रचार प्रसार कर आमजन तक जानकारी पहुंचाई जिससे विभिन्न योजनाओं का लाभ आमजन तक पहुंचाने के लिए सम्मानित किया गया।जिला कलेक्टर ने बताया कि सहायक निदेशक के द्वारा अनेक चुनौती पूर्ण अवसरों परमेहनत लगन एवं सूझबूझ का परिचय देते हुए सराहनीय कार्य किया गया इस अवसर पर सहायक निदेशक जिला सूचना एवं जनसंपर्क कार्यालय धर्मेंद्र कुमार मीणा को प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया गया। इसके अलावा ग्यारह अन्य लोकसेवकों को भी सम्मानित किया गया। जिला कलेक्टर ने बताया कि लोकसेवक का कर्तव्य है कि जो भी परिवादी उनके समक्ष आये वो उनकी बात को ध्यान से सुने और उसकी समस्या का यथासंभव गुणवत्ता पूर्ण समाधान करने का प्रयत्न करे। कोई भी व्यक्ति अपनी परिवेदना लेकर एक आखिरी उम्मीद समझ कर लोकसेवक के पास आता है।

अव्यवस्थित यातायात से आमजन परेशान

करौली, (निसं)। जिला मुख्यालय पर शहर में स्थित सामान्य चिकित्सालय के मुख्य गेट के सामने दुकानों के सामने आम रास्ते को पुलिस प्रशासन ने नो पार्किंग घोषित कर रखा है उसके उपरांत भी मोटर साइकिल और टेंपो के आड़े तिरछे लगाने से आम रास्ते पर दिनभर जाम कि स्थिति बनी रहने से आम राहगीर को ही नहीं उपचार के लिए आने वाले रोगियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

शहर में स्थित सामान्य चिकित्सालय में रोगियों के अलावा रोगियों के परिजनों आदि के आने वाले दो पहिया वाहनों मोटरसाइकिल के लिए पार्किंग लगा रखी है जिसका चिकित्सालय प्रशासन ने ठेका भी दे रखा है और ठेकेदार पार्किंग व्यवस्था को देख रहा है लेकिन पार्किंग शुल्क बचाने के लालची मोटरसाइकिलों को अस्पताल के सामने स्थित नो पार्किंग स्थल पर उल्टी सीधी लगाकर आम राहगीर के अलावा रोगियों को परेशानी का सबब बने हुए हैं जो पुलिस प्रशासन ही नहीं प्रशासन के आल्हा अधिकारियों तक की जानकारी में है लेकिन उन वाहन मालिकों के विरुद्ध कार्रवाई करने के नाम पर पुलिस प्रशासन आंख बंद कर बैठा हुआ है गंभीर जनक बात तो यह है कि अस्पताल में गंभीर बीमारी के आने वाले रोगियों को अस्पताल के सामने स्थित सड़क मार्ग पर उल्टे सीधे लगे वाहनों के जाम से भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है जो आमजन की जानकारी में है यही नहीं जाम मे आवारा पशुओं का भी जमावड़ा लगने से आम राहगीर और रोगियों को अस्पताल के सामने आम रास्ते से होकर रोगियों को अस्पताल जाना और आम राहगीर को मदन मोहन जी के दर्शनों के लिए जाने आने के अलावा ठामीण क्षेत्र से और शहरी क्षेत्र से बाजार में खरीददारी करने आने जाने वाले लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है लेकिन पुलिस प्रशासन आम जनता कि और रोगियों की परेशानी को नजर अंदाज करते हुए ऐसे वाहनो के खिलाफ कार्यवाही करने के नाम पर अनदेखी कर बैठा है अस्पताल के सामने स्थित मुख्य सड़क मार्ग पर मोटरसाइकिल और टेंपो के जमाबड़े के अलावा फल सब्जी चाट आदि के ठेलाओं का जमावड़ा कोड में खाज का काम कर रहे हैं जिन ठेलाओं के खिलाफ भी नगर परिषद, प्रशासन कार्रवाई के नाम पर मूक दर्शक बना हुआ है वैसे कहने को तो करौली शहर जिला मुख्यालय स्थित शहर है लेकिन शहर की सड़कों पर और अस्पताल के सामने स्थित मुख्य सड़क मार्ग पर दिनभर जाम की स्थिति बनी रहने से आम जन त्रस्त है।

करौली अस्पताल के बाहर सड़डक पर अव्यवस्थित खड़े वाहनों से आमजन हो रहा परेशान।

सड़क सुरक्षा समिति की बैठक सम्पन्न

करौली, (निसं)।जिला कलेक्टर नीलाभ सक्सेना की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रट सभागार में सडक सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई।

बैठक में सडक सुरक्षा समिति के एजेन्डा पर बिन्दुवार चर्चा कर प्रगति रिपोर्ट के संबंध में विचार विमर्श किया गया साथ ही यातायात व परिवहन से संबंधित निर्णय लिये जाकर विभागवार करवाये जाने वाले कार्यो एवं आयोजन के संबंध में दिशा निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये। वहीं मुख्य कार्यकारी अधिकारी, सीडीईओ एवं डीईओ को निर्देशित करते हुए कहा कि जो ग्राम पंचायत कार्यालय एवं स्कूल जो हाईवे से लगते हुए हों को चिन्हित करें जिससेआवश्यकता अनुसार चेतावनी साईन बोर्ड, रोड मार्क, रम्बल स्ट्रीपस् सहित अन्य सुरक्षा उपकरण लगवाये जा सके। इस संबंध में प्रस्ताव तैयार कर सक्षम स्तर पर भिजवाने के लिए भी जिला कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया।

लकड़ी गोदाम में लगी आग

नदबई, (निसं)। नदबई कस्बे में हलैना फाटक के समीप स्थित लकडी गोदाम में आग लगने से करीब तीन लाख रुपए का फर्नीचर जलकर बर्बाद हो गया। इससे पहले दुकान मालिक सहित अन्य श्रमिकों ने आग बुझाने का प्रयास किया। लेकिन, दुकान में रखा फर्नीचर जलकर स्वाहा हो गया। मामलें में दुकान मालिक ने एक नामजद सहित तीन-चार अन्य के खिलाफ पुलिस में मामला दर्ज कराया। पुलिस के अनुसार बरौलीरान निवासी रामवीर सिंह राना पुत्र भगवान सिंह, शनिवार देर शाम अपने फर्नीचर गोदाम को बंद कर अपने गांव गया। इसी दौरान कस्बा निवासी सुमित उर्फ टिंकल गोयल पुत्र अशोक गोयल ने तीन-चार अन्य साथियों के साथ मिलकर, गोदाम में रखे फर्नीचर पर केमीकल डालते हुए आग लगाकर फरार हो गए।

सार-समाचार

दिव्यांगजनों ने ज्ञापन सौंप बताई समस्या

गंगापुर सिटी, (निसं)। निशक्तजन जागरण मंच ने सोमवार को दिव्यांगो की विभिन्न समस्याओ को लेकर जिला कलेक्टर के नाम उपजिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। कमेटी ने यूआईडी कार्ड वेरिफिकेशन की साइट को जल्द शुरू करने की मांग की। साथ ही विशेष योग्यजनों की पेंशन में बढोतरी की मांग भी रखी। मंच के जिला उपाध्यक्ष अमजद खान ने जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौप कर पालनहार योजना और पेंशन का भुगतान समय पर कराने, सार्वजनिक स्थानों और सरकारी कार्यालयों में रैंप सहित अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराने, सरकारी कार्यालयों में दिव्यांग जन, विधवा और वृद्धजन के कार्यों को प्राथमिकता से पूरा करवाने की मांग की। राजकीय अस्पतालों में दिव्यांगजनों के लिए अलग दवा पर्ची काउंटर की मांग की गई। कमेटी ने हर माह बैठक के लिए निश्चित स्थान की मांग रखी। प्रधानमंत्री आवास योजना में दिव्यांगजन और विधवाओं को प्राथमिकता देने की अपील की। सफाई कर्मचारी योजना में आवेदन कर चुके दिव्यांगजनों को शीघ्र नियुक्ति देने की मांग की। डेयरी बूथ योजना में फॉर्म भरने वाले दिव्यांगजनों को जल्द आवंटन देने सहित मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना में दिव्यांगजनों को सरल प्रक्रिया से लोन दिलाने की मांग रखी। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, गंगापुर सिटी कार्यालय को समय पर खोलने की मांग की। ज्ञापन देने वालों में अमपद खान, जगदीश, रेखा, बरखा, सीमा, मंजू देवी, रामचरण, दिनेश सैनी, मोहसीन, रखादेवी, टिक्कू और मोहम्मद रफीक सहित कई लोग मौजूद थे।

छेड़छाड़ के मामले में एक गिरफ्तार

गंगापुर सिटी, (निसं)। उदेई मोड पुलिस ने महिला से छेडछाड के एक मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक ममता गुप्ता के निर्देशन में की गई कार्रवाई में आरोपी के पास से घटना में इस्तेमाल की गई कार भी जब्त की गई है। घटना 2 फरवरी की है। पीडतिा ने अगले दिन अपने पिता के साथ थाने में शिकायत दर्ज कराई। पीडतिा ने बताया कि उसका फोन गलती से एक अजनबी को लग गया। आरोपी ने खुद को उसकी सहेली का भाई बताया और सरकारी योजना का लाभ दिलाने के बहाने दस्तावेज मांगे। जब पीडतिा दस्तावेज देने उदेई मोड पहुंची, तो आरोपी उसे कार में बैठाकर ई-मित्र की दुकान ले गया। दुकान बंद होने का बहाना बनाकर वह उसे सलेमपुर की तरफ ले गया। विरोध करने पर आरोपी ने मारपीट की और जबरदस्ती करने की कोशिश की। बाद में वजीरपुर में कार से धक्का देकर फरार हो गया। पुलिस ने आरोपी अंकित कुमार उर्फ अजय मीना (26) को बाइपास रोड, माली मोहल्ला से गिरफ्तार किया। उसके पास से शिफ्ट डिजायर कार जब्त की गई। आरोपी करौली जिले के कुडगांव थाना क्षेत्र के गांव परीता का रहने वाला है। गिरफ्तारी में सहायक उप निरीक्षक जब्बार शाह, कॉन्स्टेबल सुमरन सिंह और रवि कुमार की टीम शामिल थी। पूरी कार्रवाई थानाधिकारी राजवीर सिंह के नेतृत्व में की गई।

लोक सेवकों को किया सम्मानित

करौली, (निसं)। सिविल सेवा दिवस पर राज्य स्तर पर मुख्यमंत्री एवं जिला स्तर पर जिला कलेक्टर ने किया उत्कृष्ट कार्य करने वाले लोकसेवकों को सम्मानित किया। सिविल सेवा दिवस के अवसर पर राज्य स्तर पर माननीय मुख्यमंत्रीभजनलाल शर्मा द्वारा एससीएम रिपा जयपुर एवं जिला स्तर पर कलेक्ट्रेट सभागार में जिला कलेक्टर नीलाभ सक्सेना द्वारा लोकसेवा के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले लोकसेवकों को सम्मानित किया गया। राज्य स्तरीय कार्यक्रम से सभी जिलों से जिला स्तरीय अधिकारी कलेक्ट्रेट सभागार में वीसी के माध्यम से जुडे। जिला कलेक्टर ने बताया कि लोकसेवक का कर्तव्य है कि जो भी परिवादी उनके समक्ष आये वो उनकी बात को ध्यान से सुने और उसकी समस्या का यथासंभव गुणवत्ता पूर्ण समाधान करने का प्रयत्न करे। कोई भी व्यक्ति अपनी परिवेदना लेकर एक आखिरी उम्मीद समझ कर लोकसेवक के पास आता है। माननीय मुख्यमंत्री की मंशानुरूप भाव-अभाव-प्रभाव के मूल मंत्र के अनुसार हमें कार्य करना है एक उम्मीद और विश्वास का भाव लेकर अभाव से ठास्त परिवादी अपनी समस्या के समाधान के लिए लोकसेवक के पास आता है और उसके द्वारा गुणवत्ता पूर्ण किये गये त्वरित समाधान के प्रभाव को लेकर वापस जाता है और उसी अनुसार सरकार का गुणगान करता है। इसलिए हमें भी इस बात का ध्यान रखना है कि परिवादी हमारे यहां से जब समाधान लेकर जाये तो उसके चहरे पर संतोष की मुस्कान हो और वो एक अच्छा प्रभाव लेकर जाये। जिला स्तरीय कार्यक्रम में जिला कलेक्टर नीलाभ सक्सेना के द्वारा राजकीय कार्यो एवं इसके साथ दी गई जिम्मेदारियों, संबंधित विभागीय दायित्वों, राज्य एवं केन्द्र सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम पंक्ति के पात्र जनों तक पहुंचाने में उत्कृष्ट योगदान देने वाले 12 लोकसेवकों को प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया गया

शिविर में चिकत्सीय परामर्श दिया

गंगापुर सिटी, (निसं)। नसिया कॉलोनी स्थित कुहू इंटरनेशनल सीनियर सेकंडरी विद्यालय में विद्यालय प्रबंधन एवं डॉ.लाल पैथ लैब्स उदेई मोड के संयुक्त तत्वाधान में विजयलक्ष्मी ऑडिटोरियम में विद्यार्थियो की निशुल्क जांच कर चिकत्सीय परामर्श दिया गया। शिविर में हीमोग्लोबिन, शुगर, कोलेस्ट्रॉल, थायराइड, ब्लड प्रेशर सहित अनेक विशेष जांचे की गई। धनेश शर्मा ने बताया कि कुहू इंटरनेशनल विद्यालय परिवार हमेशा शैक्षिक गतिविधियों के साथ-साथ सहशैक्षिक गतिविधियों के अंतर्गत नवाचारों को करने में अग्रणी रहा है। इस क्षेत्र में विद्यालय परिवार द्वारा आगामी समय में भी इसी प्रकार के नवाचारों को प्राथमिकता देने का कार्य समय-समय पर किया जाएगा। विद्यालय के प्रबंध निदेशक डॉ.हेमंत शर्मा एवं प्रधानाचार्य डॉ.मिथलेश शर्मा ने कहा कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क निवास करता है। इस प्रकार के नवाचारों से विद्यालय परिवार के सदस्यों, विद्यार्थियों और आमजन को अधिक से अधिक लाभान्वित होने का अवसर प्राप्त होता है। इस अवसर पर उप प्रधानाचार्य मुकेश शर्मा, भरत शर्मा, दुर्गेश शर्मा, सूर्यकांत चतुर्वेदी, शुभम शर्मा, भरत जगवानी,पिंकी त्रिलोकानी, ज्योति कंवर, कमलेश शर्मा, भरत मीणा, आशा शर्मा सहित अनेक शिक्षक-शिक्षिकाएं और कॉलोनीवासी उपस्थित रहे।

चोरों ने नकदी व जेवरात चुराए

रुदावल, (निसं)। रुदावल थाना क्षेत्र के गांव सिंघाडा में बीती रात्रि को चोर एक पाटौरपोश घर की पट्टियों को हटाकर घर के अन्दर घुस गए और घर में रखी अलमारी का ताला तोडकर उसमें रखे सोने चांदी के जेवरात व नकदी को चुराकर ले गए। घटना के समय घरवाले पाटौरपोश के बाहर सो रहे थे। सुबह करीब 5 बजे जब घरवाले जागे और पाटौरपोश घर का ताला खोलकर अंदर घुसने का प्रयास किया तो अन्दर से कुदी लगी होने पर घटना की जानकारी हुई। पीडित परिवार की ओर से घटना की सूचना रुदावल थाना पुलिस को दी। जिसके बाद पुलिस ने मौके पहुंचकर घटना की जानकारी ली। घटना को लेकर पीडित की ओर से अज्ञात चोरों के खिलाफ पुलिस में मामला दर्ज कराया है। रुदावल थाना प्रभारी बालकृष्ण फौजदार ने बताया कि रात्रि को अज्ञात चोर गांव सिंघाडा में एक पाटौरपोश घर की पट्टियों को हटाकर पाटौरपोश में घुसकर नकदी व जेबरात को चुराकर ले गए। घटना को लेकर गांव सिंघाडा निवासी समन्दर सिंह प्गुर्जर की ओर से दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया है कि रविवार-सोमवार की मध्य रात्रि को वह व पत्नी सुनीता व दो बच्चे पाटौर के बाहर खाट बिछाकर सो रहे थे।

कृषि मंत्री के आश्वासन पर ग्रामीणों का धरना समाप्त

सवाई माधोपुर, (निसं)। सवाई माधोपुर के कुंडेरा श्यामपुरा मार्ग पर अवैध बजरी से भरे ट्रैक्टर ट्रॉली से कुचले जाने से हिंगोणी निवासी ऋषिकेश मीणा की मौत के बाद आक्रोशित ग्रामीण रविवार शाम से ही ऋषिकेश का शव लेकर कुंडेरा-श्यामपुरा मार्ग पर चकेरी मोड़ पर धरने पर बैठ हुए थे। रात भर ग्रामीण धरने पर बैठे रहे और स्थानीय विधायक एंव कृषि मंत्री डॉ. किरोडी लाल मीणा से फोन पर वार्ता कर मंत्री को मौके पर बुलाय। ग्रामीणों की मांग पर कृषि मंत्री डॉ. किरोडी लाल मीणा आज मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों से वार्ता की। इस दौरान डॉ. किरोडी की समझाइश और आश्वासन के बाद ग्रामीणों ने धरना समाप्त करने की घोषणा की।

इस दौरान डॉ. किरोडी लाल मीणा पुलिस पर जमकर बरसे। मीडिया से बात करते हुवे डॉक्टर किरोडी ने कहा कि स्थानीय थाना पुलिस की संलिप्तता के चलते ही क्षेत्र में अवैध खनन का खेल चल रहा है। मुख्यमंत्री चाहते है कि अवैध खनन पर रोक लगे ,लेकिन यहाँ की पुलिस खुद अवैध खनन में लिप्त है। डॉ. किरोडी ने कहा कि ऋषिकेश की मौत इसी का परिणाम है। उन्होंने कहा कि पुलिस के अधिकारियों को दोषी पुलिसकर्मियों के वीडियो फुटेज ओर सीसीटीवी फेटेज उपलब्ध करवाए गए है। मामले की जांच उच्च स्तर से करवाई जाएगी और दोषियों को किसी भी सूरत में नही बक्शा जाएगा। डॉक्टर किरोडी ने ग्रामीणों की शिकायत पर कुंडेरा थाने के 6 पुलिसकर्मियों को लाईन हाज़िर करने के मौके पर मौजूद पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए। इस दौरान डॉक्टर किरोडी ने मृतक के परिजनों को 15 लाख रुपये देने की घोषणा की साथ ही मृतक के परिजनों को प्रधानमंत्री आवास, पालनहार योजना एंव खुद्द सुरक्षा योजना का लाभ देने के साथ ही मुख्यमंत्री सहायता कोष से दो लाख, टिन शेड के लिए डेढ़ लाख, अपना खेत योजना के तीन लाख रुपये की सहायता देने की घोषणा की। साथ ही कहा कि वे मुख्यमंत्री से वार्ता कर मृतक के परिजनों को ओर भी उचित मुवावजा दिलवाने का प्रयास करेंगे, किरोडी के आश्वासन के बाद ही ग्रामीणों ने धरना समाप्त करने की घोषणा की

कृषि मंत्री डॉ. किरोडी लाल मीणा की समझाइश पर ग्रामीणों का धरना समाप्त हुआ।

कार्यालय नगर परिषद हिण्डौन सिटी जिला करौली (राज)

क्रमांकः-न.प.हि./ 492 दिनांकः – 16.04.2025

निविदा सूचना वर्ष 2025-26

नगर परिषद हिण्डौन सिटी द्वारा वर्ष 2025-26 हेतु अधिकृत सप्लायर्स/उत्पादकों/संभरण कर्ताओं से निम्नाकिंत सामग्री आपूर्ति कार्य हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती है जो अंकित दिनांक व समय पर ली जावेगी।

निविदा परिषद के निर्धारित प्रपत्र में ही देनी होगी। निम्न अधोहस्ताक्षरकर्ता को बिना कारण बताये निविदाऐं निरस्त करने का अधिकार होगा। सशर्त निविदायें स्वीकृत नही की जावेगी। अन्य शर्ते परिषद के कार्यालय में कार्य दिवस में स्कंधपाल की शाखा में देखी जा सकती है।

क्र. सं.	नाम सामाग्री आपूर्ति	अनुमानित लागत व्यय लाखों में	धरोहर राशि 2 प्रतिशत	निविदा शुल्क	निविदा फार्म विक्रय की दिनांक एवं समय	निविदा फार्म प्राप्ति का दिनांक व समय	निविदा खोलने का समय व दिनांक
1	पानी का केम्पर	5.00	10000.00	500	26.04.2025 12.00 PM	26.04.2025 4.00 PM	26.04.2025 05.00 PM
2	पानी का टेंकर	5.00	10000.00	500	26.04.2025 12.00 PM	26.04.2025 4.00 PM	26.04.2025 05.00 PM
3	फोटो ग्राफी,विडियों ग्राफी	5.00	10000.00	500	26.04.2025 12.00 PM	26.04.2025 4.00 PM	26.04.2025 05.00 PM
4	फोटो स्टेट	5.00	10000.00	500	26.04.2025 12.00 PM	26.04.2025 4.00 PM	26.04.2025 05.00 PM
5	आईडी (पहचान पत्र)	2.00	4000.00	500	26.04.2025 12.00 PM	26.04.2025 4.00 PM	26.04.2025 05.00 PM
6	अल्पहार	5.00	10000.00	500	26.04.2025 12.00 PM	26.04.2025 4.00 PM	26.04.2025 05.00 PM
				खुली बोली			
7	विधुत पोल	3.00	6000	खुली बोली द्वारा नीलामी समय 12 बजे से 4 PM तक	25.04.2025 12.00 AM	25.04.2025 3.00 PM	25.04.2025 4.00 AM
8	ठेका हड्डी	1.5	2500	खुली बोली द्वारा नीलामी समय 12 बजे से 4 PM तक	25.04.2025 12.00 AM	25.04.2025 4.00 PM	25.04.2025 5.00 AM

नोट – उक्त निविदा व निविदा की शर्ते www.sppp.rajasthan.gov.in पर ऑन लाईन एवं कार्यालय नोटिस बोर्ड पर भी देखी जा सकती है।

राज.संवाद/सी/25/1053 सभापति नगर परिषद हिण्डौन सिटी आयुक्त नगर परिषद हिण्डौन